पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

———————

राज्यपाल ने मई दिवस पर बधाई दी

——————

लखनऊ : 30 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मई दिवस के अवसर पर समस्त पत्रकार बन्धुओं एवं श्रमिक भाइयों को हार्दिक बधाई देते हुए सभी के मंगलमय एवं स्वस्थमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि राष्ट्र और समाज की प्रगति में श्रमिकों, कामगारों और मेहनतकशों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मई दिवस हम सभी को श्रमिकों के हितों को संरक्षित रखने की प्रेरणा देता है।

श्रीमती पटेल ने कहा कि सभी लोग वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण को देखते हुए बचाव के नियमों का कड़ाई से पालन करें और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(210/22)